Regarding compensation to farmers for loss of crops due to flood situation along with river bank erosion

श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर **(खीरी) :** माननीय सभापति महोदया, आपने मुझे मुझे बाढ़ की समस्या पर बोलने का अवसर दिया, आपका धन्यवाद । मेरी लोक सभा क्षेत्र की पांचों विधान सभा के अंतर्गत आने वाले ब्लॉक पलिया, निहासन, रमियाबेर, पुलबेर और नकहा पूरी तरह से बाढ़ से ग्रस्त हैं । नेपाल से आने वाली नदियां मुहाना, सोहेली, शारदा और घाघरा में अनियंत्रति पानी छोड़े जाने से सैंकड़ों गांव नदी से कट गए हैं और कटने की कगार पर हैं । हजारों लोग बेघर हो गए और सड़कों पर रहने को मजबूर हैं । लाखों हेक्टेयर किसानों की जमीन और फसलें पूरी तरह से नदी में समा गई हैं और बर्बाद हो गई हैं ।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि किसानों की बर्बाद फसलों का मुआवजा दिया जाए और मुआवजे की रकम को बढ़ाया जाए । जिन किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं, उनका कर्ज पूर्ण रूप से माफ किया जाए तथा राहत सामग्री बाढ़ प्रभावित गांवों में बांटी जाए ओर बेघर लोगों को घर दिए जाएं, उनको बसाया जाए । अवैध खनन की वजह से खनन माफियाओं द्वारा नदी की धारा बदलने का काम हुआ, इससे पलिया शहर और सैकड़ों गांवों पर कटान का खतरा मंडरा रहा है, तत्काल धारा को रोका जाए और खनन माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की जाए । धन्यवाद ।